Mob- 9473942685
E-mail- ee3rdmdivjnp@gmail.com

# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर

पत्रांकः 703 / समाचार पत्र / 13 दिनांकः 21/04/2026

सेवा मे,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण),
6 राणा प्रताप मार्ग,
लखनऊ।

**विषयः—** **समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांकः 20.04.2026 को प्रकाशित न्यूज जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों के विरोध में प्रदर्शन की आख्या के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांकः 20.04.2026 को प्रकाशित न्यूज ''जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों के विरोध में प्रदर्शन'' के संदर्भ में अवगत कराना है कि विकास खण्ड—सिरकोनी के कोतवालपुर पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा कराया जा रहा है, योजनान्तर्गत नलकूप, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल एवं सोलर का कार्य पूर्ण है। 17550 मीटर के सापेक्ष 15539 मीटर पाइप लाइन बिछाकर 509 नग के सापेक्ष 188 नग गृह संयोजन कराकर जलापूर्ति की जा रही है एवं (200 कि0ली0/12 मीटर) शिरोपरि जलाशय का कार्य 57 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष कार्यों को पूर्ण कराने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया है। जुलाई, 2024 से केन्द्रांश का धनावंटन न होने के कारण कार्य बन्द था। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत पेयजल योजनाओं का कार्य पूर्ण करने की अवधि दिसम्बर, 2026 तक वृद्धि की गयी है।

अतः अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

भवदीय

(ऋषिकेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 / / दिनांकः

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर।
2. मुख्य अभियन्ता (वारा0 क्षेत्र), उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।

**अधिशासी अभियन्ता**